<u>समाचार</u>

## मसीही समाज के वार्षिक आत्मिक सम्मेलन में शिरकत की महापौर ने

(घंटाघर ओपन थियेटर में आयोजित किया गया मसीही समाज का 21वां वार्षिक आत्मिक सम्मेलन)




कोरबा 10 नवम्बर 2017 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने गुरूवार को घंटाघर ओपन थियेटर में आयोजित मसीही समाज के 21वें वार्षिक आत्मिक सम्मेलन में शिरकत की। उन्होने समाज के नागरिकबंधुओं को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी, इस मौके पर समाज के नागरिकों द्वारा महापौर श्रीमती अग्रवाल का हार्दिक स्वागत किया गया।

मसीही विकास समिति कोरबा द्वारा ओपन थियेटर घंटाघर में गुरूवार को समाज का 21वां वार्षिक आत्मिक सम्मेलन आयोजित किया गया, महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति प्रदान करते हुए वार्षिक सम्मेलन में शिरकत की, उन्होने समाज के लोगों को इस धार्मिक सम्मेलन के आयोजन हेतु अपनी शुभकामनाएं दी तथा कहा कि समाज के द्वारा आयोजित किए जाने वाले वार्षिक आत्मिक सम्मेलन में लोगों को आत्मिक शांति प्राप्त होती है तथा सात्विक एवं धर्ममय वातावरण निर्मित होता है, उन्होने कहा कि समाज द्वारा प्रतिवर्ष यह बहुत ही सुंदर आयोजन किया जाता है, जिसके लिए मैं उन्हें अपनी हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं।

इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद, पूर्व सभापति संतोष राठौर, समाज सेविका मंगल बुधिया, बीना भावनानी, सीमा उपाध्याय, सपना चौहान आदि के साथ मसीही समाज के नागरिकबंधु उपस्थित थे।